>

Title: Need to provide stoppage of Udaipur-Khajuraho train at Harpalpur and Niwari stations in Uttar Pradesh.

**श्री वीरेन्द्र कुमार (टीकमगढ़):** सभापति महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र के ओरछा, निवाड़ी और हरपालपुर स्टेशन टीकमगढ़ और छतरपुर जिले के नागरिकों को रेल पकड़ने के लिए बहुत महत्वपूर्ण स्टेशन हैं क्योंकि बुंदेलखंड में रेल सुविधाओं की दृष्टि से ये जिले आज भी बहुत पीछे हैं। छतरपुर, टीकमगढ़ और पन्ना जिलों में कोई भी रेलवे लाइन नहीं है। इन जिलों को रेल सेवाओं से जोड़ने के लिए ललितपुर-सिंगरौली रेलवे लाइन काफी लम्बे समय से प्रतीक्षारत है। ललितपुर से टीकमगढ़ तक रेल लाइन बिछा दी गई है। किन्तु बजट में घोषित होने के बाद भी ललितपुर-टीकमगढ़ ट्रेन को अभी तक प्रारंभ नहीं किया गया है। अत: ललितपुर-टीकमगढ़ ट्रेन को चलाए जाने के साथ ही ओरछा, निवाड़ी एवं हरपालपुर स्टेशन पर तुलसी एक्सप्रैस, बुंदेलखंड एक्सप्रैस एवं उत्तर प्रदेश सम्पर्क क्रान्ति सहित उदयपुर खजुराहो ट्रेन का भी स्टापेज किया जाना चाहिए ताकि खजुराहो और ओरछा जैसे महत्वपूर्ण पर्यटन केन्द्रों के पर्यटक उदयपुर पर्यटन केन्द्र से भी सीधे जुड़ सकें और टीकमगढ़, छतरपुर के नागरिक निवाड़ी एवं हरपालपुर से ट्रेन पकड़कर इन पर्यटन केन्द्रों पर आसानी से पहुंच सकें।

माननीय सभापति जी, आपने इस विभाग को संभाला है। अत: मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं कि बुंदेलखंड के टीकमगढ़, छतरपुर जिले के नागरिकों को रेल सुविधाओं के विस्तार की दृष्टि से ओरछा, निवाड़ी एवं हरपालपुर स्टेशन पर तुलसी एक्सप्रैस, उत्तर प्रदेश सम्पर्क क्रान्ति एवं उदयपुर, खजुराहो सहित बुंदेलखंड एक्सप्रैस का स्टापेज दिलाए जाने का सहयोग करें।